पुलिस चावल घोटाला करने वालों को बचा रही : मुंजारे

आर्थिक अपराध के बावजूद जांच की गति बेहद धीमी

नवभारत, बालाघाट। कंकर मुंजारे ने कहा कि इतने बड़े आर्थिक अपराध के बावजूद जांच की गति बेहद धीमी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में कई प्रभावशाली लोगों की भूमिका होने के कारण जांच प्रभावित हो रही है। रामकिशोर कावरे के भाई की राईसमील में 75 ट्रक चावल खाली हुआ है, विभाग के इशारे पर वही से सारे कागजत बनते थे। और वहीं से थप्पा लगता है। लेकिन एसपी आदित्य मिश्रा उन्हें गिरफ्तार नहीं कर रहे है।

एफसीआई के साथ मिलकर सबको बचाने का काम किया जा रहा है। पुलिस ने खाली ट्रक पकड़े है तों चावल कहां गया ।यह नहीं बताया जा रहा है। चालक ने सबकुछ बताया है पुलिस को लेकिन पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। एसपी किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर पा रहे है ऐसे अधिकारी को तत्काल हटाया जाना चाहिए।

सारे सबूत मिटा दिये गए

पूर्व सांसद ने कहा अब तक हुई कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। यह हर्ष राईस मील के संचालक को बचाने का काम किया जा रहा है। सीसीटीव्ही फुटेज हटाए गए है। सारे सबूत मिटाये गए है। साक्ष्य मिटाये गए है। बस चालक और इथेनाल प्लांट के मैनेजर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जबकि संचेती राईस मील में चावल पकड़ा गया था तों उन्हें उस संचालक गंभीर संचेती और सौरभ संचेती को तत्काल पकड़ा जाना चाहिए था।

थाना परसवाड़ा परिसर में श्रद्धा और भक्ति के साथ हुआ सुंदरकांड पाठ

नवभारत, परसवाड़ा। थाना परसवाड़ा परिसर मे भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर रहा, जहां थाना प्रभारी जी.एल. अहिरवार के नेतृत्व में थाना के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं एसएसयू बल की उपस्थिति में सामूहिक रूप से सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया।

पूरे आयोजन के दौरान भगवान श्रीराम एवं संकटमोचन श्रीहनुमान जी के जयघोष और सुंदरकांड के पाठ से थाना परिसर भक्तिमय माहौल में परिवर्तित हो गया। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पूर्ण श्रद्धा, अनुशासन और भक्तिभाव के साथ पाठ में सहभागिता कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना की।

इस अवसर पर ईश्वर से प्रार्थना की गई कि भगवान श्रीराम और श्रीहनुमान जी का आशीर्वाद समस्त पुलिस बल तथा क्षेत्रवासियों पर सदैव बना रहे, जिससे सभी को अपने कर्तव्यों के निर्वहन की शक्ति, सकारात्मक ऊर्जा एवं सेवा का भाव प्राप्त हो तथा समाज में शांति, सद्भाव और सौहार्द का वातावरण निरंतर बना रहे।

सुंदरकांड पाठ के माध्यम से पुलिस परिवार ने आध्यात्मिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी सुदृढ़ करने का संदेश दिया। आयोजन शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

किसानों से स्लॉट बुक कर उपज विक्रय की अपील

बालाघाट। भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत विपणन वर्ष 2026-27 के लिए ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी 1 जुलाई 2026 से शुरू होकर 10 अगस्त 2026 तक की जाएगी। उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि योजना के अंतर्गत पंजीकृत किसानों से मूंग का उपार्जन 8,768 रुपए प्रति क्विंटल तथा उड़द का 7,800 रुपए प्रति क्विंटल की दर से किया जाएगा। जिले में खरीदी के लिए क्ष्ट गोंगलई (केंद्र कोड-2338005073) को उपार्जन केंद्र बनाया गया है। यहां उपार्जन संस्था सेवा सहकारी समिति मर्यादित, पायली द्वारा एबीसी गोंगलई, बालाघाट केंद्र क्रमांक-1 पर खरीदी की जाएगी।

एक नजर में

कृषि महाविद्यालय में हुआ 100 से अधिक औषधीय सदाबहार पौधों का रोपण

बालाघाट। कृषि महाविद्यालय बालाघाट में पर्यावरण संरक्षण एवं औषधीय पौधों के संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने दो दिनों में 100 से अधिक सदाबहार (कैथरेंथस रोजियस) के औषधीय पौधों का रोपण किया। पौधरोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. घनश्याम देशमुख सहित समस्त प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस अवसर पर डॉ. एन.के. बिसेन, डॉ. शरद बिसेन, डॉ. सुनील रजक, डॉ. पूजा गोस्वामी, डॉ. रमेश अमूले, डॉ. अमिता शर्मा, डॉ. प्रतिभा बिसेन तथा श्री कमलेश्वर गौतम की उपस्थिति रही ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिष्ठाता डॉ. घनश्याम देशमुख ने विद्यार्थियों से वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि औषधीय पौधों का संरक्षण मानव स्वास्थ्य और जैव विविधता दोनों की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

एसएसपी महाविद्यालय वारासिवनी में तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम संपन्न

बालाघाट। शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में 1 से 3 जुलाई तक नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए तीन दिवसीय दीक्षारंभ (इंडक्शन) कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें महाविद्यालय परिसर, ग्रंथालय, प्रयोगशालाओं, खेल मैदान, छात्रावास एवं अन्य सुविधाओं का भ्रमण कराया गया। दूसरे दिन प्राचार्य डॉ. एस.एस. गेड़ाम ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। इसके बाद विभिन्न विभागाध्यक्षों एवं प्रभारियों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति सहित अपने-अपने विभागों की शैक्षणिक गतिविधियों एवं सुविधाओं की जानकारी दी।

रानीकुठार वन सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

विभाग ने की ग्रामीणों से अनावश्यक रूप से जंगल नहीं जाने की अपील

नवभारत, लालबर्रा । वन परिक्षेत्र दक्षिण सामान्य परिक्षेत्र लालबर्रा अंतर्गत ग्राम रानीकुठार में स्थित जांच वन उपज नाका में सोमवार को शाम 5 बजे वन सुरक्षा समिति की आवश्यक बैठक आहूत की गई। यह बैठक वन सुरक्षा समिति अध्यक्ष इंद्रजीत उइके की अध्यक्षता एवं सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी पूरनलाल चौधरी,, वनपाल/सचिव उत्सव रहांगडाले, मौसमी गर्दे, समिति सदस्य, सुरक्षा कर्मी एवं ग्रामीणजनों की उपस्थिति में प्रारंभ हुई।

जिसमें विगत दिनों से जंगलों में विचरण कर रहे आदमखोर बाघ से बचाव एवं अनावश्यक रूप से जंगल में प्रवेश न करने हेतु विचार विमर्श किया गया। चर्चा में सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी पीएल चौधरी ने बताया कि विगत दो माह के अंतराल में हिंसक प्राणी बाघ द्वारा लगभग 4-5 लोगों को अपना शिकार बनाया किया चुका है, वही विभाग द्वारा लगाए गए कैमरों में जंगलों के विभिन्न विभिन्न क्षेत्रों में विचारण करते पाया जा रहा है, जिससे बचाव हेतु विभाग द्वारा प्रतिदिन ग्रामीणों से जंगल ना जाने की अपील की जा रही है, बावजूद इसके इक्का दुक्का ग्रामीण कैमरे की सशक्त निगरानी में आए दिन कैद होते जा रहे हैं जिन पर कार्रवाई हेतु उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया जाएगा। श्री चौधरी ने ग्रामीणों से अपील की है कि अनावश्यक रूप से जंगल में प्रवेश न करें, यदि अति आवश्यक कार्य है तो अकेले जंगल ना जाए बल्कि समूह में जाएं।

बोनकट्रा तालाब पर अतिक्रमण हटाने चला बुलडोजर

सोमवार को ग्रामीणों के विरोध के बाद मंगलवार से शुरू की प्रशासन ने कार्रवाई

नवभारत, कटंगी 7 जुलाई। कटंगी विधानसभा की तिरोड़ी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बोनकट्रा में तालाब पर अतिक्रमण को लेकर 1 महीने से चल रहा विवाद अब कार्रवाई में बदल गया।

सोमवार को ग्रामीणों के विरोध के बाद प्रशासन ने पहले सीमांकन कराने का फैसला लिया और मंगलवार को देर शाम तक अतिक्रमण पर बुलडोजर चलता रहा।

सोमवार को एसडीएम कटंगी, तिरोड़ी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी, पुलिस बल और जेसीबी मशीन के साथ प्रशासनिक अमला बोनकट्रा तालाब पहुंचा था। लेकिन ग्रामीणों के विरोध के चलते अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू नहीं हो सकी।

सीमांकन के बाद कार्रवाई शुरू की- ग्रामीणों की मांग थी कि पहले तालाब की पूरी भूमि का सीमांकन हो, फिर कार्रवाई की जाए। इसी मांग को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई टालकर सीमांकन शुरू करा दिया। सीमांकन के बाद मंगलवार को प्रशासन ने पुनः अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रारंभ की जो देर शाम तक जारी रही।

पूर्व सांसद बोद्धिसिंह भगत मौके पर पहुंचे- ग्रामीणों के बुलावे पर पूर्व सांसद बोद्धिसिंह भगत भी बोनकट्रा पहुंचे। उन्होंने कहा कि पहले यह तय किया जाए कि तालाब की भूमि पर किन-किन लोगों ने अतिक्रमण किया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि कटंगी जनपद अध्यक्ष अरविंद देशमुख का मकान भी तालाब की भूमि में बना हुआ है, यदि अतिक्रमण हटाया जाए तो सभी पर कार्रवाई हो।

प्रशासन का पक्ष

अधिकारियों का कहना है कि नियमानुसार और निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी। सीमांकन रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। वर्षा के कारण जिनके घर और फसल प्रभावित हो सकती हैं उन्हें थोड़ी मोहलत दी गई है, लेकिन अतिक्रमण हटेगा जरूर।

खैरलांजी क्षेत्र में दरिंदगी का शिकार हुई 15 वर्षीय छात्रा

शादी का झांसा देकर बार-बार दुष्कर्म पीड़िता हुई गर्भवती आरोपी गया जेल

नवभारत, खैरलाँजी । खैरलांजी थाना क्षेत्र में एक 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा (10वीं कक्षा) के साथ लगातार दुष्कर्म का झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। हवस का शिकार बनी डरी-सहमी पीड़िता लोक-लाज के डर से महीनों चुप रही, जिससे वह गर्भवती हो गई। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार, वारदात की शुरुआत पिछले साल 22 अक्टूबर 2025 को गांव के 'मढ़ई मेले' के दौरान हुई थी। गांव के ही युवक सरोज सुलखिया ने मासूम को बहला-फुलाकर सुनसान खेत (बाड़ी) में ले जाकर पहली बार दरिंदगी की। इसके बाद, आरोपी डरा-धमकाकर लगातार उसके साथ बलात्कार करता रहा। आखिरी बार यह घिनौनी वारदात 28 अक्टूबर 2025 को अंजाम दी गई।

शारीरिक बदलाव आने पर जब पीड़िता ने आरोपी को बताया, तो उसने जिम्मेदारी लेने से साफ मना कर दिया। अत्यंत गरीब और मजदूर माता-पिता की यह बेटी करीब 9 महीने तक इस मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना को अकेले झेलती रही। बीते 3 जुलाई 2026 को पेट में असहनीय दर्द होने पर उसने अपनी मां को आपबीती सुनाई।

परिजनों के साथ थाने पहुँची पीड़िता की शिकायत पर खैरलांजी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी सरोज सुलखिया के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (क्ष्हस्), पॉक्सो एक्ट और स्ष्ट/स्ज्ञ एक्ट की गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 6 जुलाई को वारासिवनी न्यायालय में पेश किया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

जून माह में 575 वैगनों की मरम्मत हुई

जबलपुर, नवभारत। पश्चिम मध्य रेल के भोपाल एवं कोटा स्थित रेल कारखानों में कोचों एवं वैगनों के अनुरक्षण कार्य को निरंतर उच्च गुणवत्ता के साथ संपादित किया जा रहा है। मुख्य कारखाना प्रबंधकों के मार्गदर्शन में वित्तीय वर्ष 2026-27 के जून 2026 के दौरान दोनों कारखानों में कुल 674 कोचों वैगनों का पीरियोडिक ओवरहॉलिंग किया गया। जिसमें सीआरडब्ल्यूएस, भोपाल द्वारा 99 कोचों तथा डब्ल्यूआरएस, कोटा द्वारा 575 वैगनों का पीरियोडिक ओवरहॉलिंग शामिल है। इस प्रकार चालू वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में दोनों कारखानों द्वारा कुल 2045 कोचों वैगनों का पीरियोडिक ओवरहॉलिंग किया गया।

हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

नवभारत,खैरलांजी। खैरलांजी के गांधी चौक स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में 4 जुलाई को दिनदहाड़े चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार दोपहर लगभग 1:40 बजे अज्ञात चोर भगवान हनुमान जी महाराज के सिर पर स्थापित चांदी का मुकुट चोरी कर मौके से फरार हो गया। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि एक वृद्ध व्यक्ति, जो धोती पहने हुए था, घटना के समय मंदिर के आसपास संदिग्ध स्थिति में देखा गया।

ग्रामीणों के अनुसार उस व्यक्ति के हाथों तथा उसके कपड़े पर सिंदूर लगा हुआ था, जिससे उस पर संदेह और गहरा गया है। हालांकि, अभी तक

उसकी पहचान नहीं हो सकी है। घटना के बाद से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बना हुआ है। लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है और मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं।

ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत खैरलांजी थाना में दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस संदिग्ध व्यक्ति की तलाश में जुट गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द आरोपी की गिरफ्तारी की मांग किए है।

हाईकोर्ट से राहत, अवमानना याचिका निराकृत

जबलपुर। हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने न्यायिक हस्तक्षेप से 36 वर्ष पुराने विवाद का पटाक्षेप कर दिया। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने लंबे समय से लंबित सेवा संबंधी मामले में याचिकाकर्ता के पक्ष में फैसला सुनाते हुए उसे राहत प्रदान की। इसके साथ ही संबंधित अवमानना प्रकरण का भी निराकरण कर दिया गया। कोर्ट ने गिरधारी लाल द्विवेदी बनाम मध्यप्रदेश शासन व अन्य (जल संसाधन विभाग व मप्र लोक सेवा आयोग) और इससे संबद्ध अवमानना प्रकरण पर सुनवाई के बाद राहतकारी आदेश पारित किया। याचिकाकर्ता गिरधारी लाल द्विवेदी की ओर से अधिवक्ता आकाश चौधरी ने पैरवी की। लगभग 36 वर्षों से चले आ रहे इस विवाद में अंततः न्यायालय ने याचिकाकर्ता के पक्ष में निर्णय देते हुए राहत सुनिश्चित की।

24 घंटे में हो प्राकृतिक नाले का निराकरण,नहीं तो किया जाएगा आंदोलन

नवभारत, बालाघाट। बालाघाट नगर के वार्ड नंबर 04 के नागरिकों को हो रही जलनिकासी की समस्याओं एवं शीतल कंस्ट्रक्शन द्वारा प्राकृतिक नाले को बंद कर बनाई जा रही शीतल लक्ज़री वाटिका के कारण देवटोला के लगभग 50 परिवारों एवं ग्राम बोदा के लगभग 150 किसानों की 400 एकड़ कृषि भूमि में जलभराव की परेशानी को कांग्रेस पार्षद दल,नगर पालिका सीएमओ की संयुक्त टीम के साथ मौके पर पहुंच कर देखा।

जिसमें पाया कि कई वर्षों से राजस्व दस्तावेज,खसरे नक्शे में भी खुला प्राकृतिक नाले का उल्लेख है,उसके बाद भी बिल्डरों की मनमानी से देवटोला और

बोदा के किसानों को इससे राहत मिलते नहीं दिख रही है।

पिछले वर्ष भी 1 दिवसीय चक्का जाम और आंदोलन करने के बाद भी प्रशासन नहीं जागा,1 वर्षों में नागरिकों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया।

मेरी प्रशासन को चेतावनी है कि 24 घंटे में प्राकृतिक नाले का समाधान नहीं हुआ तो फिर जनता के साथ सड़क में उतरकर आंदोलन किया जाएगा।

गैस से भरे गहरे कुएं में गिरने से महिला की मौत

जान जोखिम में डालकर एसडीईआरएफ ने निकाला शव

नवभारत, बालाघाट। जिले के रजेगांव चौकी क्षेत्र में कल देर सायं को एक दर्दनाक हादसे में करीब 50 फीट गहरे गैसयुक्त कुएं में गिरने से एक महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जिला होमगार्ड कार्यालय से एसडीईआरएफ और क्यूआरटी की टीम मौके पर पहुंची और विषम परिस्थितियों के बीच जोखिम भरा रेस्क्यू अभियान चलाकर महिला का शव बाहर निकाला।

जानकारी के अनुसार, सोमवार देर शाम को जिला



कंट्रोल रूम को महिला के कुएं में गिरने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही जिला होमगार्ड कार्यालय से एसडीईआरएफ एवं क्यूआरटी टीम आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों और सुरक्षा संसाधनों के साथ तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई।

मौके पर पहुंचने के बाद टीम ने पाया कि करीब 50 फीट गहरे कुएं में जहरीली गैस भरी हुई थी। गैस की मौजूदगी के कारण रेस्क्यू अभियान बेहद चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरा हो गया। इसके बावजूद टीम ने सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए विशेष उपकरणों की मदद से अभियान शुरू किया।

रेस्क्यू दल के जवानों ने अपनी जान जोखिम में डालकर कुएं में प्रवेश किया और करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शाम लगभग 7 बजे महिला का शव सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके बाद शव को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के लिए पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

लोकार्पण | **सामुदायिक भवन और पाइप पुलिया का विधायक विवेक पटेल ने किया लोकार्पण**

बिना भेदभाव के सबके साथ मिलकर क्षेत्र का करेंगे विकास : पटेल

नवभारत, वारासिवनी। जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिपरिया के ग्राम ओझाटोला में गोंडवाना सर्कल के तत्वाधान में क्रांतिकारी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा,15 लाख रुपयों की लागत से बने पिपरिया में सामुदायिक भवन एवं 8 लाख रुपयों की लागत से बने घोघरिया घाट से एंकाटोला के मध्य पाइप पुलिया का विधायक विवेक विक्की पटेल के हस्ते लोकार्पण किया गया।

इस कार्यक्रम कार्यक्रम में पहुँचे ही विधायक विवेक विक्की का समाज के पदाधिकारियों ने स्वागत किया ।जिसके पश्चात विधायक विवेक पटेल ने भगवान

बिरसा मुंडा पूजा अर्चनाऔर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लोकार्पण किया। जनपद सदस्य जीतू राजपूत ने कहा कि पहली बार क्षेत्र ने एक अच्छे विधायक को चुना है ।क्षेत्र में क्या-क्या विकास करवाना है ।हर समय ग्रामीणों से चर्चा करते रहते है ।भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी समाज और हम सबके लिए भगवान के समान है ।सभी को संगठित रखने का कार्य भगवान बिसरा मुंडा ने किया ।हर समय उन्होंने जल,जंगल,जमीन के लिए अंग्रेजो से लड़ाई लड़ी ।मूर्ति क्यों लगवाई जाती है ।अपनी आने वाली पीढ़ी को बताए ।इनका इतिहास बच्चों को बताए ।विवेक पटेल विपक्ष का विधायक रहते हुए भी क्षेत्र में करोड़ो रुपए का काम करवा रहे है।

विधानसभा में पहुंचकर किसानों की समस्याओं के बारे में सरकार से लड़ते है ।लाडली बहनों को तीन हजार रुपए प्रतिमाह का लालच देकर चुनाव में वोट तो ले लिए ।मगर अब बहनों को तीन हजार रुपए देने पसीने छूट रहे है। वहीं सरकार ने दूसरी तरफ खाद,बीज का दाम दुगुना कर दी है।

गणेश अग्रवाल बने सांसद प्रतिनिधि

नवभारत, बालाघाट। जिले में विगत कई वर्षों से सर्व समाजसेवा धर्म प्रेमी मृदुभाषी भाजपा कार्यकर्ता के रूप में सेवा देने वाले गणेश अग्रवाल को बालाघाट सिवनी क्षेत्र की लोकप्रिय सांसद भारती पारधी ने सांदीपनी विद्यालय का सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया है ।

सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर गणेश अग्रवाल ने जिले की सांसद भारती पारधी का आभार और भारतीय जनता पार्टी का बहुत-बहुत आभार मानते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ पालन करेंगे । इस अवसर पर अग्रवाल को उनके चाहने वाले ईष्ट मित्र सामाजिक धार्मिक लोगों ने बधाई दी है उज्जवल भविष्य स्वस्थ्य सुखद खुशहाल जीवन जीने हेतु शुभकामनाएं दी है ।

Government of Madhya Pradesh
DEPARTMENT OF HIGHER EDUCATION,
P.M.C.O.E. GOVERNMENT JATA SHANKAR TRIVEDI POST GRADUATE COLLEGE, BALAGHAT, (MP).
E-mail:hegjtcbal@mp.gov.in

P.M.C.O.E. GOVERNMENT JATA SHANKAR TRIVEDI POST GRADUATE COLLEGE, BALAGHAT, (MP), DEPARTMENT OF HIGHER EDUCATION GOVERNMENT OF MADHYA PRADESH

invites Request for Bid for Procurement of Goods-Supply, Installation, Testing, Commissioning of ICT and Sports Equipments on turnkey basis bid proposal to college. Interested bidders are requested to view the *mptender.gov.in* e-Portal for the Bid information from 06-07-2026 on wards. Last date of Submission on 30-07-2026.

BID for ICTE quipments
Tender Notice - NIT No : - 2026_HED_519658_1
RFQ No: 2354/2026/ICTEQUIPMENT
BID for Sports Equipments
Tender Notice - NIT No :- 2026_HED_519679_1
RFQ No: 2353/2026/SPORT ITEM

Principal
P.M.C.O.E. GOVERNMENT JATASHANKAR TRIVEDI POST GRADUATE COLLEGE, BALAGHAT, MP